पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
————————

प्राथमिक विद्यालय एवं आंगनबाड़ी केन्द्र का निरीक्षण

———

राज्यपाल ने गर्भवती महिलाओं को पोषण किट वितरित किया

————

कॉलेजों एवं इंस्टीट्यूट आंगनबाड़ी केन्द्रों को गोद लें

—————

लखनऊः 4 मार्च, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने आज प्रयागराज के कटरा स्थित बख्तियारी प्राथमिक विद्यालय के प्रांगण में स्थित आंगनबाड़ी केन्द्र में डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आंगनबाड़ी केन्द्रों को सुविधा सम्पन्न करने हेतु आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। राज्यपाल द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र से सम्बंधित आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया गया।

राज्यपाल ने गर्भवती महिलाओं की गोद भराई कराई और उन्हें अच्छे से खानपान, सरकारी अस्पताल में ही डिलीवरी कराने, स्वच्छता का विशेष ख्याल रखने आदि की सीख दी तथा गर्भवती महिलाओं को पोषण किट का वितरण किया। इसके अलावा अलिस्फा फातिमा का अन्नप्राशन कराया। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर 03 से 06 साल के बच्चें आते है, इसलिए इन केन्द्रों पर बच्चों के खेलने के लिए खिलौने एवं उनकी उपयोग की वस्तुएं होनी चाहिए, जिससे कि बच्चों का मन भी लगे और उनकी देखभाल के साथ–साथ उनको उचित पोषण भी मिलना चाहिए। उन्होंने प्रयागराज के विभिन्न कॉलेजों एवं इंस्टीट्यूट से आंगनबाड़ी केन्द्रों को गोद लेने का आह्वाहन किया। उन्होंने लोगो से अपील की कि गोद लिए हुए केन्द्रों पर किन वस्तुओं की आवश्यकता है, उन वस्तुओं को उपलब्ध कराने का प्रयास करें।

राज्यपाल ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों पर कार्यरत वर्कर एवं हेल्पर को ट्रेनिंग दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जब अधिकारी भी सेवाभाव से जुड़ेंगे तभी व्यवस्था अच्छी चलेगी और सुविधायें उपर से नीचे तक पहुंच पायेंगी। इसके लिए उन्होंने टीम भावना से काम करने का आह्वाहन किया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री भानु चन्द्र गोस्वामी सहित अन्य सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

राम मनोहर त्रिपाठी राजभवन (163/29)